FACULTY OF STUDIES
BSF Academy, Tekanpur
Phone 07524-274100, 200, 300/ Extn 321

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या- 1070/प्रेसनोट/अ0सं0 / 2023 /

दिनांक 6 दिसम्बर 2023

## सीमा सुरक्षा बल ने किया स्कूल सेफ्टी एवं जागरूकता अभियान का आयोजन

सीमा सुरक्षा बल आपदा प्रत्युत्तर संस्थान (बीआईडीआर) की स्थापना 20 अप्रैल 2005 को सीमा सुरक्षा बल अकादमी में की गई थी। आपदा प्रत्युत्तर हेतु कार्य कर रही सरकारी और सिविल ऐजेंसियों को प्रशिक्षण प्रदान करने में इस संस्थान ने एक अग्रणी केन्द्र के रूप में कार्य किया है। इस संस्थान के द्वारा आस-पास के गाँवों और विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है जिसमें ग्रामिणों, विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को प्राकृतिक आपदाओं व मानव निर्मित आपदाओं से राहत-बचाव के बारे में जानकारी दी जाती है। साथ ही प्राथमिक उपचार, सीपीआर इत्यादि की भी जानकारी व डेमो भी प्रदर्शित किया जाता है।

इसी क्रम में दिनाँक 5 दिसम्बर 2023 को केन्द्रीय विद्यालय दतिया (मध्य प्रदेश) में स्कूल सेफ्टी एवं जागरूकता अभियान के अन्तर्गत बी०आई०डी०आर०, बी०एस०एफ० अकादमी टेकनपुर के अनुदेशकों द्वारा स्कूल के शिक्षको और विद्यार्थियों के लिए प्रथम चिकित्सीय उपचार के तौर पर निम्नलिखित विषयों पर लेक्चर एवं डेमों का आयोजन किया गया-

1. भुकम्प से बचाव की तैयारिया (Earth quake Preparedness)
2. हृदय और लीवर को पुनर्जीवित करना (CPR)
3. रक्त स्त्राव और आघात (Hemorrhage and shock)
4. खप्पची बाँधना (Splinting)
5. उठाना और ले जाना (Lifting & Moving)

---

नोट: - प्रकाशन करते समय कृपया अधिकारियों के नाम, पद व रैंक का विशेष ध्यान रखा जाये ।

इस दौरान इस संस्थान के श्री रितेश ठाकुर, उप कमाण्डेंट एवं अन्य सहयोगियो द्वारा विभिन्न प्रकार की आपदाओं के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही डेमों और अभ्यास भी कराया गया ताकि आपदा के समय शिक्षक व छात्रगण राहत और बचाव के कार्यो को मुस्तैदी के साथ कर सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र शामिल हुए।

अतुल 6/12/23

(अतुल यादव), द्वितीय कमान अधिकारी
वास्ते उप महानिरीक्षक (अध्ययन संकाय)
सीमा सुरक्षा बल अकादमी, टेकनपुर

---

नोट: - प्रकाशन करते समय कृपया अधिकारियों के नाम, पद व रैंक का विशेष ध्यान रखा जाये ।